हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 21 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 37 .1 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

12 महिलाओं के साथ बच्चों ने भी दी शानदार प्रस्तुतियां



12 अपराधी पहले भागते थे, अब जिम्मेदारी लेते हैं: सांसद



## खबर संक्षेप

### बच्ची के साथ पड़ोसी ने किया डिजिटल रेप

**पानीपत।** पानीपत में एक थाना क्षेत्र में घर में अकेली बच्ची के साथ पड़ोसी ने डिजिटल रेप किया। 11 साल की बच्ची अकेली थी। इसी दौरान 45 साल का दरिंदा घर में घुसा और लाइट बंद कर दी। अंधेरे में उसने बच्ची के मुंह को अपने हाथ से दबा दिया और उसकी आवाज बाहर नहीं जाने दी। बच्ची को पूरी तरह अपनी पकड़ में जकड़ कर आरोपी ने उसके साथ डिजिटल रेप किया। बच्ची के करहाने की आवाज सुनकर मौसी भीतर कमरे में गई तो आरोपी को पकड़ लिया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी अजय के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### बदमाशों ने किया युवक के अपहरण का प्रयास

**पानीपत।** विकास नगर में कार सवार चार बदमाशों ने गोलू पुत्र दिनेश निवासी गांव नांगलखेडी के अपहरण की चेष्टा की। बदमाशों ने रुमाल में नशीली दवा डालकर गोलू को बेहोश करने की कोशिश की, लेकिन वह उनसे छूट गया। छात्र के शोर मचाने और कार पर ईंट फैंकने पर बदमाश फरार हो गए। वहीं, हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई है।

### महिला ने चार ज्वेलर्स के साथ लाखों की ठगी की

**पानीपत।** एक महिला ने चार ज्वेलर्स परमहंस ज्वेलर्स, सरस्वती ज्वेलर्स, गुमजी ज्वेलर्स और प्रिंस ज्वेलर्स के साथ लाखों रूपये के जेवर की ठगी कर ली। सरस्वती ज्वेलर्स से सौरभ कपूर ने बताया कि एक महिला ने सोने-चांदी के जेवर उन्हें दिए और कहा कि इन्हें ठीक करके दे दो। उन्होंने कहा कि इनके बदले वह नए जेवर दे सकते हैं। कुछ देर मोलभाव के बाद 20 हजार कीमत के जेवरात वह ले गई। उन्हें शक हुआ तो उन्होंने उन्हें पिघलाने के लिए भेजे। तब पता चला कि यह जेवर नकली हैं। महिला परमहंस ज्वेलर्स के गोल्डी कपूर से दो दो ग्राम के 24 कैरेट सोने के तीन सिक्के ले गई। गुमजी ज्वेलर्स के संचालक पंकज से करीब 52 हजार रुपए और प्रिंस ज्वेलर्स के संचालक जीनत से तीन ग्राम सोने की अंगूठी ली।

### कुरुक्षेत्र पैनोरमा में मनाया चंद्रमा दिवस

**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में 'अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस' के अवसर पर एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानव द्वारा चंद्रमा पर प्रथम कदम रखने की वर्षगांठ के उपलक्ष में मनाया जाता है एवं इसका उद्देश्य जनता, विशेष रूप से युवाओं में अन्तरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि ओर जागरूकता बढ़ाना है। कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र के परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार सोनी ने चन्द्र अन्वेषण के इतिहास और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

### शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने गांव सिवाह में किया प्रजापति चौपाल का शुभारंभ

# प्रजापति समाज के कला कौशल को जीवित रखने के लिए सरकार गंभीर

## प्रदेश सरकार समाज की हरसंभव मदद करेगी : शिक्षा मंत्री

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**

- दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

हरियाणा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रजापति समाज में वह हुनर है जोकि चाक पर मिट्टी की ऐसी कलाकृतियां बनाते हैं कि उनको देखने वाले भी हैरान रह जाये। वहीं, आधुनिक युग में बडी कंपनियों ने प्रजापति समाज के उस हुनर को दबा दिया है।

प्रजापति समाज को आज उसी हुनर को कायम रखने की जरूरत है। सरकार इसके लिये समाज की हर संभव मदद करेगी। मंत्री महीपाल ढांडा रविवार को गांव सिवाह के सौदामनी सेंटर में दक्ष प्रजापति एसोसिएशन द्वारा आयोजित दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सिवाह के सरपंच आर्य रणदीप कादियान मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री महीपाल ढांडा ने प्रजापति चौपाल का उद्घाटन किया। गांव में पहुंचने पर मंत्री महीपाल ढांडा का जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री महीपाल ढांडा, सरपंच आर्य रणदीप कादियान व अन्य अतिथियों अजित बिट्टू प्रजापति पार्षद, पालेराम प्रजापति, बबलू प्रजापति व सुरेंद्र प्रजापति आदि का पगडी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। समाज ने शिक्षा मंत्री से प्रजापति चौपाल के पास ही एक बडा हाल व चार दीवारी बनवाने की मांग की। इस अवसर पर प्रेमचंद प्रजापति, पदम सिंह प्रजापति, कृष्ण आर्य, सुलेख डिडवाडा, पंच जयदीप कादियान नंबरदार, राजकुमार राजू ठेकेदार, रमेश ठेकेदार, कुलदीप, नरेंद्र, पालेराम, सतबीर प्रजापत, कृष्ण लाल, बलवान सिंह, तेलू राम प्रजापति आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** गांव सिवाह में दक्ष प्रजापति जयंती में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत करते सरपंच रणदीप कादियान।

**युवाओं का आह्वान**

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मंत्री ने युवाओं से परंपरागत काम को शुरू करने के लिये पायलट प्रोजेक्ट के तहत काम करने का आह्वान किया। सरपंच रणदीप कादियान ने कहा कि गांव सिवाह में प्रजापति समाज के हुनर को निखारने के सभी प्रयास करेंगे।

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए सरकार संकल्पबद्ध : चौहान



- नीलोखेड़ी में जल संरक्षण और शुद्धता को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नीलोखेड़ी**

हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना सिर्फ पेयजल आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकार शुद्ध और सुरक्षित जल सुनिश्चित करने के लिए भी संकल्पबद्ध है।

यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने पुरानी नीलोखेड़ी ग्राम पंचायत की पेयजल एवं सीवरेज समिति की बैठक में कही। डॉ. चौहान ने कहा कि भूमिगत जल स्तर चिंताजनक ढंग से नीचे जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण अनियंत्रित दोहन और जल प्रबंधन की कमी है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और सामूहिक सहभागिता की अपील की।

मुख्य रसायनज्ञ कुंवर अमित सिंह ने बताया कि प्रदेश भर में जल गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशालाओं का नेटवर्क खड़ा किया गया है। कार्यक्रम में जिला सलाहकार नेहा, कनिष्ठ अभियंता हर्ष और ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर कुलभूषण शर्मा ने भी ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्राम सरपंच सरदारनी विक्रमजीत कौर और हरप्रीत सिंह ने डॉ. चौहान का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

# पश्चिमी यमुना में कूदी दो चचेरी बहनों में से दूसरी युवती का भी शव बरामद

- मनीषा का शव गांव रंबा के पास नहर में तैरता मिला
- परिजनों की सूचना पर पुलिस ने नहर से निकलवाया शव

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री**

बुधवार दोपहर पश्चिमी यमुना नहर के इंद्री स्थित पुल से नहर में कूदी दो चचेरी बहनों में से 25 वर्षीय मनीषा का शव भी देर रात करीब एक बजे पश्चिमी यमुना नहर में गांव रंभा के समीप मिल गया है ।

शव की तलाश में बैठे परिजनों ने जैसे ही नहर में शव को तैरते देखा तो तुरंत सूचना इंद्री पुलिस को दी। इंद्री पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों की सहायता से शव को नहर से निकलवाकर व पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है ।

जांच अधिकारी एसआई चरण सिंह ने बताया कि रात करीब एक बजे परिजनों ने सूचना दी कि दूसरी युवती मनीषा का शव गांव रंबा के पास नहर में तैरता आ रहा है । पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को नहर से निकलवा कर परिजनों से शिनाख्त करवाने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर वारिसों को सौंप दिया है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**ये था मामला**

बुधवार दोपहर को कुरुक्षेत्र के गांव बजीदपुर की दो युवतियों मनीषा व रीना ने इंद्री के पास से गुजर रही पश्चिमी यमुना नहर के पुल से नहर किनारे अपना मोबाइल व बैग रखकर नहर में छलांग लगा दी थी । सूचना मिलते इंद्री पुलिस व गोताखोर प्रगट सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर नहर मे सर्च अभियान चला कर युवतियों को ढूंढने का प्रयास किया था लेकिन युवतियों का कुछ भी पता नही चल पाया था । परिजनों ने बताया था कि दोनों युवतियां भादसों स्थित एक शराब की फैक्ट्री मे काम करती थी । जिसके बाद रीना का शव शुक्रवार को गांव खेडी मान सिंह के पास नहर से मिल गया था अब मनीषा का शव भी गांव रंभा के पास देर रात एक बजे मिला है ।

# पांच एकड़ जमीन की खरीद में 52 लाख की ठगी

- सम्भालखा के ओम प्रकाश के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज
- आरोपियों ने पांच चेक भी दिए थे जिसमें से चार चेक बाउंस हो गए

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला**




अकबरपुर गांव में पांच एकड़ जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर 52 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर सम्भालखा के ओम प्रकाश के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर लिया है।

साहा के गांव खारूखेड़ा के सुनील कुमार व सम्भालखा के शिव चरण दास ने बताया कि आरोपियों से गांव अकबरपुर में पांच एकड़ भूमि को लेकर साढ़े तीन करोड़ रुपये में सौदा किया था। इसके 52 लाख रुपये बतौर बयाना दिए थे। जमीन की रजिस्ट्री के लिए 20 जनवरी की तारीख तय की गई थी। आरोपी तय दिन रजिस्ट्री कार्यालय में नहीं आए। अब पता चल रहा है कि आरोपियों ने जमीन को किसी ओर को आगे बेच दिया है। अब आरोपी बात टाल रहे हैं। थाने में इस मामले को लेकर समझौता भी हुआ था तो आरोपियों ने पांच चेक भी दिए थे जिसमें से चार चेक बाउंस हो गए हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से 6 लाख ठगे

**बराड़ा।** गांव दादुपुर के एक युवक से विदेश भेजने का झांसा देकर लगभग छह लाख रुपये की ठगी और दस्तावेज हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ति महेंद्र पाल ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे सौरभ को इंग्लैंड भेजना चाहता था। इस सिलसिले में वह अपने किसी जानकर के माध्यम से जुलाई 2024 में कुरुक्षेत्र के रविंद्र कुमार उसकी पत्नी नीलम और उनके बेटे अभि बाली से संपर्क आया था। आरोपियों ने खुद को विदेश भेजने और वहां सैटलमेंट करवाने में सक्षम बताया। इसकी एवज में कुल 15 लाख रुपये की मांग की जिनमें से 6 लाख रुपये अग्रिम तौर पर मांगे गए। शिकायतकर्ता की माने तो प्रार्थी ने आरोपी के कहने पर अपने बेटे सौरभ के दस्तावेज भेजे। किश्तों में लगभग 6 लाख रुपये आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। जनवरी 2025 में आरोपियों को तीन लाख रुपये नकद भी उनके घर जाकर दिए गए। उन्होंने वादा किया कि फरवरी में वीजा और टिकट मिल जाएगी। हालांकि, फरवरी के बाद जब प्रार्थी ने वीजा के बारे में पूछा तो आरोपी टालमटोल करने लगे। मार्च में जब प्रार्थी ने अपने पैसे वापिस मांगे तो आरोपियों ने एक माह का समय मांगा। इसके बाद भी जब काम नहीं हुआ और प्रार्थी ने दस्तावेज और पैसे वापिस मांगे, तो आरोपियों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। साथ ही जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। प्रार्थी ने यह भी बताया कि आरोपी उसके बेटे का पासपोर्ट, आधार कार्ड और पैन कार्ड अपने कब्जे में रखे हुए हैं जिनके दुरुपयोग की आशंका है। इस मामले में अब पुलिस जांच कर रही है।

# रिहर्सल के दौरान रिहायशी कॉलोनी में गिरा ड्रोन

- बाल बाल बची महिला, पुलिस ने ड्रोन जब्त कर सेना के हवाले किया

**अंबाला।** धूलकोट में रविवार सुबह सैन्य क्षेत्र के नजदीक एक ड्रोन के रिहायशी इलाके में अचानक गिरने से हड़कंप मच गया। हादसा उस समय हुआ जब एक महिला सड़क से गुजर रही थी जो बाल-बाल बच गई। प्रत्यक्षदर्शी सूर्य कांत ने बताया कि हवा में उड़ता ड्रोन अचानक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही बलदेव नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में सेना पुलिस और वायुसेना के जवान भी वहां पहुंच गए।

इसके बाद ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया। बलदेव नगर थाना प्रभारी ने बताया कि जग्गी सिटी सेंटर के पास सेना की एक यूनिट द्वारा ड्रोन उड़ाने का अभ्यास किया जा रहा था। इस दौरान ड्रोन तकनीकी खराबी के कारण धूलकोट में वायुसेना स्टेशन की दीवार के पास गिर गया। कि ड्रोन पूरी तरह जल चुका था। लोगों में इस घटना से दहशत फैल गई।

# दिनारपुर में अज्ञात जानवर ने भेड़ों को नोच डाला, 40 की हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| साहा**

- पालक बोले, कर्ज लेकर खरीदी थी भेड़ें, प्रशासन से आर्थिक सहायता की लगाई गुहार

दिनारपुर गांव में बीती रात किसी जानवर ने दो पशुपालकों की दर्जनों भेड़ों को नोच लिया इससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि और साहा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच की।

दिनारपुर के संदीप और गुरसेवक ने बताया कि दोनों के पास 100 भेड़ें थीं। इनमें से कुछ भेड़ें वह कुछ दिन पहले ही लेकर आए थे। उन्होंने भेड़ों को खरीदने के लिए कर्ज लिया था। दोनों एक ही बाड़े में अपनी भेड़ें रखते थे। रात को वह सभी भेड़ों को बाड़े में ठीक से बंद करके गए थे। रात करीब 12 बजे वह भेड़ों को देखने गए थे उस समय सभी भेड़ें ठीक थीं। सुबह करीब साढ़े 5 बजे जब वह बाड़े में पहुंचा तो देखा कि भेड़ें बिखरी पड़ी थी। कुछ बच्चों के सिर बिखरे पड़े थे। गेट खोलकर अंदर देखा तो भेड़ों को नोचा गया था।

उन्होंने बताया कि करीब 40 भेड़ों की मौत हो चुकी थी। भेड़ों की मौत से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ितों ने पुलिस को भी सूचित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि वह मौके पर गए थे। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पता नहीं चला कि किस जानवर ने भेड़ों को नोचा है।

# दो युवकों ने किशोर के साथ बनाए अप्राकृतिक संबंध

- पुलिस ने किया दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने किशोर को गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए। किशोर ने घर आकर घटना के बारे में परिजनों को बताया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका 12 वर्षीय लड़का 13 जुलाई को दोपहर घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान उनके गांव के ही मांगा और नसीब उसके लड़के को बहला फुसला कर गन्ने के खेत में ले गए। जहां आरोपियों ने उसके लड़के के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए। उसका लड़का जब घर पहुंचा तो उसे दर्द होने लगा। उसने जब अपने लड़के को इस बारे पूछा तो उसने बताया कि मांगा व नसीब ने उसके साथ गलत काम किया है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन की गवर्निंग बॉडी की बैठक

# खेलों को बढ़ावा दे रही भाजपा सरकार : पंवार

- राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन बारी-बारी से हर जिले में होगा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**

हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन की गर्वनिंग बॉडी की बैठक रविवार को आयोजित की गई। यह बैठक मडलौडा स्थित केबिनेट मंत्री एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय पर आयोजित की गई।

इसमें एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की गई। इसी के साथ साथ राज्य में खेलों को और ज्यादा बढ़ावा तथा युवाओं को खेलों के प्रति जागरुक करने हेतु विभिन्न एजेंडों को सर्वसम्मति से पास भी किया गया। बैठक उपरांत अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आज की बैठक में प्रमुख रूप से यह एजेंडा पास किया गया कि भविष्य में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बारी - बारी प्रदेश के हर जिले में किया जायेगा। जिससे हर जिले के युवाओं में खेलों के प्रति एक नई रुचि जागृत होगी।

ऐसा करने से युवा खेलों की तरफ ज्यादा बढ़ावा देंगे और नशे व अन्य सामाजिक बुराइयों से भी बचेंगे। पंवार ने कहा कि जिस तरह पिछले वर्षों से खेलों में हरियाणा का डंका भारत देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बज रहा है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की अच्छी खेल नीतियों का परिणाम है। आज हरियाणा प्रदेश में खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा ईनाम राशी दी जा रही है, इतना ही नहीं खेल कोटे से मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार योग्यता अनुसार सरकारी नौकरियां भी दे रही है।


**पानीपत।** हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार को फूल भेंट करते हुए गर्वनिंग बॉडी।

**मेहनत जारी रखें**

कृष्ण लाल पंवार ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि हर युवा एक संकल्प के साथ खेलों में अपनी रुचि रख अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपनी मेहनत जारी रखें तथा नशे व अन्य बुराइयों से युवा अपने आप को बचा कर रखें। इस अवसर पर एसोशिएशन के महासचिव नसीब जांघू कुलदीप पहल, अनिल राठी, श्वेता, संगीता, राजेश नरवाल, परमजीत सिंह, विकास चहल, विनोद, सुरेन्द्र, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# दो माह पहले मारपीट में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत

- परिजनों ने दोस्तों पर मारपीट कर हत्या करने का लगाया आरोप
- चंडीगढ़ स्थित अस्पताल में दो माह से चल रहा था इलाज

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

करीब दो माह पहले मारपीट में घायल हुए गांव खंडवा निवासी 19 वर्षीय वंश कि बीती रात चंडीगढ़ स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक घटना के बाद से कोमा में था। परिजनों ने उसके दोस्तों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।गांव खंडवा निवासी 19 वर्षीय वंश आईलाइट कर रहा था। 27 मई को वह घर से पार्टी में जाने की बात कह कर निकाला था। इस दौरान रात को वह गंभीर हालत में कैल कलानौर हाईवे पर स्थित पेट्रोल पंप के पास पड़ा मिला। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया था और मामले की सूचना उसके परिजनों को दी थी। डॉक्टर ने वंश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया था। बताया जा रहा है कि वंश तभी से कोमा में था। पुलिस ने इस मामले में उसके कुछ दोस्तों के खिलाफ मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया था। वंश की हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे चंडीगढ़ के निजी अस्पताल में लेकर गए थे। जहां पर उसका इलाज चल रहा था। बीती रात इलाज के दौरान वंश की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले में अभी तक आरोपियों से पूछताछ भी नहीं की है नहीं उन्हें अभी तक गिरफ्तार किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही सदर यमुनानगर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। उधर, थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


गांव खंडवा निवासी मृतक वंश का फाइल फोटो।

## खबर संक्षेप



### सत्संग एवं भजन संकीर्तन का आयोजन

**करनाल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से श्री शिव चित्रगुप्त मंदिर, सदर बाजार में साप्ताहिक सत्संग एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी रबिया भारती ने अपने सारगर्भित प्रवचनों के माध्यम से श्रोताओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जैसे माला की शोभा उसमें पिरोए गए मोतियों से होती है, वैसे ही जीवन का सौंदर्य करुणा,विवेक, श्रद्धा, आत्मसंयम और चेतना जैसे सद्गुणों से होता है, किंतु जब ये मूल्य टूटने लगते हैं, तो जीवन की माला भी बिखर जाती है। साध्वी जी ने बताया कि यह बिखराव केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, अपितु सामाजिक चेतना में भी विघटन का कारण बनता है।

### श्रीराम मंदिर सेक्टर-8 में सावन उत्सव मनाया

**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित श्रीराम मंदिर में सावन मास के 10वें दिन श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं आस्था से भगवान भोलेनाथ का गंगाजल और पंचामृत से अभिषेक किया। इसके पश्चात भव्य फूलों से श्रृंगार किया गया। मुख्य यजमान डॉ. वी.के. सिंगला और डॉ. अशोक गुप्ता रहे। भारत विकास परिषद के सदस्य, पंडित अनिल द्विवेदी व पंडित हरीश आचार्य ने विधिपूर्वक पूजा संपन्न करवाई। भजन गायिका वीना सेठ और अनु खट्टर ने शिव भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सावन की शिवरात्रि के अवसर पर 23 जुलाई को शाम 6 से 8 बजे तक एक शाम भोले बाबा के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### मजदूरों की अनदेखी कर रही सरकार : जगमाल

**करनाल।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान कृष्णलाल की अध्यक्षता में सदर बाजार स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में राज्य प्रधान जगमाल सिंह और राज्य कमेटी सदस्य राजबीर कुड़लन ने भाग लिया। बैठक में कहा गया कि भाजपा सरकार गरीब मजदूर वर्ग की उपेक्षा कर रही है, खासकर मनरेगा के तहत मजदूरों को पर्याप्त काम नहीं मिल रहा।

### सेक्टर-6 तिकोना पार्क में योगाभ्यास कार्यक्रम

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत करनाल के सेक्टर-6 स्थित तिकोना पार्क में योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रमुख योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने किया, जिसमें पार्षद संकल्प भंडारी ने विशेष रूप से भाग लिया।संकल्प भंडारी ने कहा कि योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा है और इससे अनेक व्याधियों से बचा जा सकता है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग न केवल व्यायाम है, बल्कि यह जीवनशैली, आंतरिक शांति और मानसिक संतुलन का मार्ग है।

## भीड़ को देखते हुए 19 जगह नाके, 16 राइडर्स और 4 चेकपोस्ट सक्रिय

# शिवरात्रि से पहले करनाल प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

प्रशासन का निर्देश धार्मिक आस्था के नाम पर नहीं होगी अनुशासनहीनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में सावन शिवरात्रि से पहले हरिद्वार से लौटते कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त कर लिए हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्यों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे कांवड़ यात्रा इन दिनों चरम पर है।

प्रशासन ने नाकेबंदी से लेकर रूट प्लान तक विस्तृत तैयारी की है। हर मोर्चे पर सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया के अनुसार, पूरे जिले में 19 स्थानों पर नाके लगाए गए हैं, ताकि हर आने-जाने वाले की निगरानी की जा सके। इसके अलावा, 16 पुलिस राइडर्स को एम्बुलेंस के साथ अलर्ट मोड में तैनात किया गया है। यूपी बॉर्डर से सटे करनाल के जिन चार रास्तों से कांवड़ियों को आने-जाने की अनुमति दी गई है, वहां पुलिस चौकियां स्थापित कर दी गई हैं। हर आने-जाने वाले पर नजर रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है ताकि कोई गड़बड़ी न हो।



**करनाल।** कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात पुलिस। फोटो : हरिभूमि

**100-100 मीटर पर शिविर**

कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ मिलकर शिविर व्यवस्था की है। हर 100 मीटर पर शिविर लगाए गए हैं, ताकि कांवड़ियों को पीने का पानी, प्राथमिक उपचार, आराम और भोजन जैसी आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।कांवड़ यात्रा के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके लिए सामाजिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे सहयोग बनाए रखें और शिविरों में नियमित निगरानी करें। डीजे और हुड़दंग पर सख्ती, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण जरूरी

भीड़ और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार की गई है। जरूरत पड़ने पर रूट डायवर्जन की योजना तैयार है। वहीं, ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि जहां भारी भीड़ हो, वहां सिंगल लेन को डबल लेन में बदला जाए ताकि जाम की स्थिति न बने।

कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ लोग डीजे बजाकर हुड़दंग मचाते हैं, जिससे यातायात व ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। इस पर पुलिस ने सख्ती दिखाने का फैसला लिया है। किसी भी वाहन पर तेज म्यूजिक बजाने या हुड़दंग करने पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस टीमों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण में रहे और सार्वजनिक व्यवस्था न बिगड़े। एसपी गंगा राम पुनिया ने कहा कि श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढील नहीं बरती जाएगी। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन की अपील है कि श्रद्धालु अनुशासन और नियमों का पालन करते हुए यात्रा पूरी करें।



**तरावड़ी।** मंडल के सदस्यों की बैठक की अध्यक्षता करते सुभाष गुप्ता, दुरगेश मित्तल व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सावन की शिवरात्रि पर विशाल कांवड़ शिविर आज से

**तरावड़ी।** ओम शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से कांवड शिविर को लेकर एक बैठक का मंडी कार्यालय मे आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता मंडल के सरंक्षक सुभाष गर्ग ने की। इस मौके पर सभी मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल के प्रधान दुर्गेश मित्तल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सावन माह की शिवरात्रि के अवसर पर मंडी गेट न: 1 दुकान न: 23 पर विशाल कांवड शिविर का आयोजन सोमवार से शुरू होगा। मंडल प्रधान मित्तल ने बताया कि इस शिविर मे कांवडियों के लिये भोजन प्रसाद, व्रत का भोजन, दवाईयां व रात को ठहरने का विशेष प्रबंध किया जायेगा। प्रधान ने सदस्यों की शिविर मे डयूटियां लगाई। इस मौके पर सुभाष गर्ग, द्रुगेश मित्तल, उपाध्यक्ष गौरव बंसल, शन्टी मित्तल,प्यारा लाल काठपाल, दुर्गेश मित्तल, बनवारीलाल काठपाल, मदन अरोड़ा, राजकुमार खुराना, मदन कक्कड़, नरेंद्र काठपाल,

### सर्विस रूल जल्द लागू करे सरकार : कंवरपाल



**करनाल।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा ने सरकार से सर्विस रूल और थर्मल समझौते को लागू करने की मांग को लेकर दबाव तेज कर दिया है। संघ के राज्य प्रधान कंवरपाल ने बताया कि 21 जुलाई को डीएचबीवीएन और 24 जुलाई को एचवीपीएन के प्रबंध निदेशकों के साथ प्रतिनिधिमंडल की बैठकें होंगी। इसी के चलते 21 जुलाई को प्रस्तावित प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कंवरपाल ने कहा कि 15 अगस्त 2024 को सरकार ने जॉब सिक्योरिटी एक्ट लाकर कर्मचारियों से वोट तो लिए, लेकिन 10 महीने बाद भी एक्ट को लागू नहीं किया गया। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है। संघ ने चेताया कि यदि एक अगस्त तक सर्विस रूल लागू नहीं किए गए, तो आंदोलन की घोषणा की जाएगी। इस बैठक में करनाल जिला प्रधान अमरजीत पुनिया, उपाध्यक्ष दीपक कल्याण, सचिव सत्यवान हथीरा, सह सचिव कुलवंत जुंडला आदि मौजूद रहे।

## ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा के साथ जोड़ने का करें काम : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं की मीटिंग बजाज फार्म हाउस इंद्री में हुई। मीटिंग में मुख्य अतिथि के तौर पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप व अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर ने पहुंचकर प्रदेश व देश में भाजपा द्वारा चलाई गई जनहित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता का कर्तव्य बनता है कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करें । विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हर कार्यकर्ता में आगे बढ़ने की जिज्ञासा होनी चाहिए और उसी जिज्ञासा के अनुरूप कार्य करने के प्रयत्न करने चाहिए , तभी आगे बढ़ने के मौके मिलते हैं । कहा कि भाजपा पार्टी में कोई पद मांगने से नहीं मिलता बल्कि योग्यता व कार्य के अनुसार समय आने पर पार्टी द्वारा खुद ही कार्यकर्ता को उचित पद दे दिया जाता। नगर पालिका इंद्री में मनोनीत किए गए पार्षद सेठपाल वर्मा और राजेंद्र मिढ़ा को भी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया । मनोनीत पार्षदों ने भी विधायक रामकुमार कश्यप व जिला प्रधान प्रवीण लाठर को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया ।



इंद्री । इंद्री के बजाज फार्म हाउस मे आयोजित मीटिंग मे जिला प्रधान प्रवीण लाठर को सम्मानित करते मनोनीत पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### गुरु हरगोविंद साहिब जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मना

**करनाल।** नूरमहल चौक सैक्टर 32 स्थित गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी करनाल में सिख पंथ के आठवें गुरु गुरु हरि किशन जी महाराज का प्रकाश पर्व पर श्रद्धापूर्वक ढंग से धूमधाम से मनायागया। इस अवसर पर सुबह तडके अमृत बेला में 351 अखंड पाठ साहिब जी की संपन्नता की अरदस हुई। उसके बाद हर रविवार की तरह से सुबह 11 से 3 बजे तक शहीद बाबा दीप सिंह जी की कृपा से चौपहरा समागम हुआ। इसमें दूर दराज से श्रद्धालु जिरों की संख्या में यहां पर पहुंचे। उन्होंने गुरु साहेब के आगे नतमस्तक होकर गुरु की अरदास की। जत्थेदार बााब गुलाब सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर पहुंचे संत बाबा मंजीत सिंह जी नानकसर सिधउा वालों को सिरौपा भेंट किया।

## हर बूथ पर 'मन की बात' सुनना सुनिशिचत करें : योगेंद्र राणा

- मुनक में शक्ति केंद्र प्रमुखों के साथ संगठनात्मक बैठक, जनसमस्याओं पर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

योगेन्द्र राणा हरिभूमि न्यूज़ असंध असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के /"मन की बात/" कार्यक्रम को हर महीने के अंतिम रविवार को प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुनना सुनिश्चित किया जाए। वे मुनक स्थित विश्रामगृह में बल्ला मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुखों और बूथ अध्यक्षों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधायक राणा ने बूथ स्तर की जिम्मेदारियों का विवरण लेते हुए कार्यकर्ताओं से सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के 11 वर्षों की विकासात्मक उपलब्धियों को घर-घर जाकर लोगों को बताया जाए और लाभार्थियों से सीधा संवाद भी किया जाए। बैठक के उपरांत विधायक राणा ने मुनक में जनसुनवाई की, जहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, रणदीप, रोहित, पूर्व अध्यक्ष अमित राणा, कंवर राणा, संजीव मुनक, जोगिंदर पंचाल सहित कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।





### 22 पदाधिकारियों को चुना जाना गौरव की बात

**करनाल।** भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक को जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर एवं जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल का मार्गदर्शन मिला। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने कहा हजारों कार्यकर्ताओं में से आप लोगों को चुना जाना यह आपकी योग्यता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 27 जिलों में भाजपा के 44 लाख कार्यकर्ता हैं और करनाल जिला में पार्टी के 1लाख 80 हजार कार्यकर्ताओं में से आप जैसे 22 पदाधिकारियों को चुना जाना आपके लिए गौरव का विषय है और इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी का कर्तव्य है कि संगठन की मजबूती के साथ साथ पार्टी की रीति नीति और जन कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पंहूचाने का काम करें। इस मौके पर प्रभारी भारत भूषण जुआल ने सभी को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों को अनुशासन में रहकर अपनी जिम्मेदारी को निभाना है उन्होंने पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि संगठन की नीति अनुसार यदि कोई भी पदाधिकारी बिना किसी ठोस कारण से लगातार तीन बार संगठन की बैठक में उपस्थित नहीं होता तो उसे उसके पद से मुक्त करने पर विचार किया जा सकता है।

## बच्चों को संस्कार और देश प्रेम की शिक्षा देनी चाहिए: राजकुमार तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

न्यू कैम ऑयल कम्पनी के एम डी राजकुमार तायल ने कहा कि बच्चों को संस्कार और देश प्रेम की शिक्षा देना बहुत महत्वपूर्ण है। संस्कार और देश प्रेम की भावना बच्चों में बचपन से ही विकसित की जा सकती है, जिससे वे बड़े होकर एक जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि संस्कार की शिक्षा बच्चों को नैतिक मूल्यों और अच्छे व्यवहार की ओर ले जाती है। संस्कार की शिक्षा से बच्चे सीखते हैं कि कैसे दूसरों के साथ सम्मान और प्रेम से पेश आना है, और कैसे अपने परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदार बनना है। संस्कार की शिक्षा बच्चों को आत्म-नियंत्रण और अनुशासन की ओर भी ले जाती है, जिससे वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर सकते हैं। देश प्रेम की शिक्षा बच्चों को अपने देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना की ओर ले जाती है। देश प्रेम की शिक्षा से बच्चे सीखते हैं कि कैसे अपने देश के लिए योगदान करना है, और कैसे इसकी रक्षा करनी है। समाजसेवी राजकुमार तायल ने कहा कि देश प्रेम की शिक्षा बच्चों को अपने देश के इतिहास, संस्कृति और परंपराओं के बारे में भी सिखाती है, जिससे वे अपने देश की विरासत को समझ सकें और उसका सम्मान कर सकें। संस्कार और देश प्रेम की शिक्षा के कई लाभ हैं। इससे बच्चे जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बनते हैं, जो अपने देश के लिए योगदान करने के लिए तैयार रहते हैं। संस्कार और देश प्रेम की शिक्षा से बच्चे आत्म-नियंत्रण और अनुशासन की ओर भी बढ़ते हैं, जिससे वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर सकते हैं।



**तरावड़ी।** पत्रकारों से चर्चा करते हुये उद्योगपति राजकुमार तायल व आयुष तायल। फोटो : हरिभूमि



### दुर्गा कालौनी में पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण समिति रजि. करनाल द्वारा चीनी मिल एवं दुर्गा कालौनी करनाल में पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताए गए। चीनी मिल के डयूटी कार्यालय में स्टाफ के साथ मीटिंग की गई। समिति द्वारा कर्मचारियों को बताया गया कि पेड़-पौधे लगाने से पर्यावरण स्वच्छ होता है। समिति पैट्रन राम रतन अत्री ने अधिकारियों को बताया कि मिल के प्रोसेसिंग प्लांट से निकले हुए गंदे परिशिष्ट को पीछे नाले में डिस्पोजल करें। गंदे परिशिष्ट पर मच्छर-मक्खियां बैठ कर पर्यावरण को गंदा करती हैं, जिससे बिमारियां फैलती हैं। गन्ने की खोई को धूप में सुखा कर उपयोग में लाएं। दफ्तर में एवं चीनी गोदाम में पैकिंग करते हुए साफ-सफाई का ध्यान रखें। समिति चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा ने उन्हें बताया कि मिल की चिमनियों से निकलने वाले डस्ट का प्रदुषण कंट्रोल प्रबन्धन करें ताकि मिल के आसपास के गांवों का पर्यावरण प्रदुषित न होवे। उन्होंने बताया कि 'पर्यावरण स्वच्छ हरियाणा' नामक समिति की मैगजीन भी मिल कर्मचारियों को बांटी गई।



**करनाल।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### ताइक्वांडो में 400 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**करनाल।** करनाल के सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप धर्मशाला में वॉरियर्स वर्ल्ड अकैडमी द्वारा फ्यूचर स्टार्स राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। आयोजन में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट का नेतृत्व कोच मनीष मलिक ने किया जबकि आयोजन में एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का विशेष सहयोग रहा। मुख्य अतिथि नव चेतना मंच के संयोजक एस.पी. चौहान तथा अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। डॉ. राजीव पंवार, प्रमोद बंसल विशिष्ट अतिथि रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ताइक्वांडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, अनुशासन और नैतिक शिक्षा का भी साधन है। एस.पी. चौहान ने कहा कि मनीष मलिक जैसे कोच युवाओं को स्वस्थ जीवन की दिशा दे रहे हैं। इस मौके पर अशोक बजाज, प्रियंका गोयल, योगेंद्र कौशिक, राजीव गोयल, रणजीत गिल, रमा तिवारी, राजेश खन्ना, आशीष मलिक, राजीव कुमार और सुखविंदर पाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सावन महोत्सव की भक्ति में डूबी शाम

**करनाल।** श्रावण मास के पावन अवसर पर रामनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में ॐ नमः शिवाय जाप परिवार की ओर से सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा भक्ति भाव से ओम नमः शिवाय के जाप व शिव भजनों में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में ललित आर्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सेवा सदन प्रेम नगर के प्रधान राज कुमार ललित सपरिवार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हुए। महादेव जी की पूजा एवं अनुष्ठान विधिवत रूप से पूज्य कृष्णाचार्य जी द्वारा संपन्न कराई गई। भजनों के दौरान श्रद्धालु नाचते-गाते भगवान शिव के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। सावन महोत्सव की सफलता में कई श्रद्धालुओं व सेवकों ने तन-मन-धन से योगदान दिया।

**आयोजन** भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुए भक्त

## भगवान कण-कण में विराजमान हैं यह भगवान की लीला है: कथा व्यास

कथा में छठे दिन कथा वाचक ने प्रभु भक्ति का मार्ग बतााया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अग्रवाल धर्मशाला में शहर की सुख-समृद्धि और शान्ति सद्भावना के लिए सभी शहरवासियों के सहयोग से चल रही श्री मद्भागवत कथा में आज छठे दिन कथा वाचक कृष्ण शास्त्री जी ने अपनी मधुर वाणी से बताया कि मनुष्य भगवान को जिस भावना से देखता है। भगवान उसको उसी रुप में दिखाई देते हैं। महाराज परम भगवान उस शब्द से हो रहा है यह कोई अलौकिक पुरुष की बात नहीं है श्री भगवान कण कण मे विराजमान हैं यह भगवान की लीला है वह भगवान का अर्थ बताते हुए ज्ञान शक्ति ऐश्वर्य तेज यह 6 गुण संपूर्ण रूप से जिसके अंदर विद्वान होते हैं उसको भगवान कहते हैं कृष्ण अवतार के भगवान के अच्छे गुण लीला में प्रगट होते हैं इसके बाद शास्त्री जी कंस वध के चरित्र सुनाया। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण जी ने अत्याचारी कंस का वध किया और अपने माता पिता के कारागार से मुक्त किया।

भगवान श्रीकृष्ण जी व माता रुक्मणी जी विवाह का चरित्र सुनाया और रुक्मणी जी के विवाह पर महिलाओं ने वस्त्र व श्रृंगार का सामान भेंट किया। विवाह उत्सव मे नाचते गाते भगवान श्रीकृष्ण, रुक्मणी जी विवाह सम्पन्न हुआ। अयोजकों द्वारा रस मलाई का प्रसाद का वितरण किया गया। आज मुख्य रूप से कथा वाचक श्री कृष्ण जी वृन्दावन वाले का नगरपालिका अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल, भारम विकास परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्डा व तरुण बसंल अध्यक्ष श्री श्याम सेवा समिति ने फूल मालाओं से स्वागत करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर जय प्रकाश भारद्वाज, संजय बंसल, पवन मंगल, कमलेश गुप्ता, रणजीत भारद्वाज, रमेश गुप्ता, सुरिंदर छाबड़ा, अशोक गोयल, पवन गुप्ता, सुभाष चन्द्र, तरुण बंसल , योगेश मिड्डा, पवन प्रजापति, गंगा राम, राजेश जैन, राम मूर्ति देवी, नीलम रानी, कुसुम गोयल, पूर्णा रानी, मीरा कुमारी, ज्योति, भावना, उषा रानी, आशा गिरधर, मुन्नी बाला, शीला, साहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।



तरावड़ी। कथा व्यास कृष्ण जी नगरपालिका प्रधान विरेन्द्र बंसल का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सीएम से मिला रोहिला समाज

**पानीपत।** संत नामदेव रोहिल्ला क्षत्रिय महासभा पानीपत के प्रधान रोशन रोहिला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर रोहिल्ला समाज के लिए बनाई जाने वाली धर्मशाला के लिए जगह की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उन्हें आश्वासन दिया कि जगह की व्यवस्था जरूर की जाएगी। इस अवसर पर धर्मपाल रोहिला, जगदीश जोहरा,

### तैराकी प्रतियोगिता में समर्थ ने सिल्वर जीता

**पानीपत।** पांचवी फिन्ज तैराकी प्रतियोगिता हरियाणा राज्य का आयोजन फरीदाबाद में हुआ। जिसमें पानीपत जिला की तरफ से समर्थ बलदेव सिह ने 9-10 साल आयु वर्ग में भाग लिया तथा 50 मी फ्री स्टाइल फिन्ज तैराकी में रजत पदक जीतकर एकेडमी व जिला का नाम रोशन किया। वहीं, विजेता को पानीपत जिला तैराकी संघ प्रधान एवं चौ.बलदेव सिंह तैराकी एकेडमी के संचालक सुखबीर मलिक, जिला सचिव प्रवीण कादियान आदि ने उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### सूर्य कवि दादा लख्मीचंद की जयंती मनाई

**पानीपत।** हरियाणवीं लोक कला एवं संस्कृति को समर्पित संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एसडी कॉलेज में सूर्य कवि दादा लख्मीचंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम नृत्य उपासक किन्नर समाज चेला महंत नैना शर्मा के सानिध्य में हुआ। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री गजेंद्र सलूजा व जिला पार्षद रणदीप मुख्य अतिथि रहे। दिनेश गोयल प्रधान एसडी एजुकेशन सोसायटी तथा अनुपम अरोड़ा प्राचार्य एसडी कॉलेज ने ज्योत प्रचंड कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

### मिड डे मील वर्कर्स ने बैठक की

**पानीपत।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के आवास पर तीन अगस्त को होने वाले आंदोलन को लेकर बैठक की। बैठक में यूनियन की जिला प्रधान निर्मला अहलावत, जिला सचिव कविता, राज्य उपप्रधान शरबती, रामकुमार यादव डॉ. सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### आनंदमय जीवन संघ ने बैठक की

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत द्वारा टैगोर पार्क मॉडल टाउन में आनंदमय जीवन संघ के अंतर्गत सीनियर सिटीजन के लिए मनोरंजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें कांता छाबड़ा, योग शिक्षक वीरा गोयल, तरुण गांधी, राज कुमार दत्ता, आरएन रावल, डा.जगजीत आहूजा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, गिरीश अरोड़ा पंडित खेम राज डीएन खुंगर राजेश सेठी, रमेश आर्य, रमेश ढींगरा, संजीव आहूजा, अमृत चौधरी, लेखराज जताना, जगदीश खुराना, कैलाश लूथरा, गणेश ठाकुर, पीसी झा, रवि, वीना चुघ, कांता छाबड़ा, नीलम दत्ता सह संयोजक, भावना सलूजा, ममता आहूजा, सुनीता पांचाल, प्रवीण खुराना, रेखा सलूजा एवं ममता पाहवा आदि उपस्थित रहे।

### आसन ने जीता हैंडबाल टूर्नामेंट

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कलां में ग्राउंड पर दो दिवसीय मिनी हैंडबाल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। जिसमें इनसो नेता व ब्लॉक समिति सदस्य राजिंदर जैलदार मुख्य अतिथि रहे। वहीं, पवन कोच ने बताया की इस टूर्नामेंट में करीब सात टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर सचिन तंवर, सोनू, संदीप, अनिल, सागर, ललित, विशाल व अकुर आदि मौजूद रहे।

### गुरु का सदैव सम्मान करें : रोहित

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजाखेड़ी में जैन मुनियों प्रवचन प्रभावक रोहित मुनि महाराज, तपस्वी श्रेयांश मुनि महाराज व सेवाभावी रजत मुनि महाराज ठाणे के चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत रविवार को श्रावकों को प्रवचन सुनाते हुए रोहित मुनि महाराज ने कहा कि स्वयं भी खुश रहे और सभी को राजी रखें। वहीं गुरूओं का सम्मान करें। मोहन जैन, अभिषेक जैन, सौरभ जैन, सुमन, श्री एसएस जैन सभा राजाखेड़ी के मंत्री संदीप जैन आदि उपस्थित रहे।

## 14 वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

# इंसान को संघर्षशील बनाता है खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत क्लब में चल रही 14 वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को महिला व पुरूष वर्गों के तहत अंडर 11 व 13, अंडर 15, अंडर 17 व मास्टर्स पुरुष एकल और युगल के फ़ाइनल मुकाबलों में दिशान अहलावत ईशान नांदल मुकेश मदान और दिनेश संदूजा की जोड़ी ने व मनीष धुलिया सनी गौतम सुधांशु प्रभाकर कार्तिक मलिक और आदित्य मलिक दिशांत विकास की जोड़ी ने व कार्तिक मलिक और आदित्य मलिक भविष्य अहलावत और भक्ति व भूपेन्द्र नांदल और संजय कटारिया सतीश महाजन आदि ने खिताबी जीत हासिल की। वहीं, इस प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि पंकज कपूर व पानीपत क्लब के प्रधान संजय गोयल और ओम प्रकाश रनोलिया ने बच्चों को पुरस्कार दे कर करते हुए कहा कि खेल, इंसान को अनुशासन में रह कर संघर्ष करने का संदेश देता है। इस अवसर पर जुगल डावर, मुकेश मदान, सतीश महाजन, ओम प्रकाश रनोलिया, सहदेव विज, दिनेश संदूजा, दीपक बजाज, मुकेश तलवार, अभिषेक वत्स, नितिन अरोड़ा, विपिन शर्मा, अशोक गोयल, विक्रांत मलिक, पाल सिंह ढोचक, भूपिंदर नांदल, राजीव मलिक आदि उपस्थित रहे।



पानीपत क्लब में बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अथितिगण।

## भाजपा के विभाजन विभीषिका के जिला संयोजक बने नवीन भाटिया



नवीन भाटिया

**पानीपत।** भारतीय जनता पार्टी हाई कमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद पानीपत जिला में विभाजन विभीषिका के तहत जिला एवं विधानसभा के पदाधिकारी की नियुक्ति की है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया को विभाजन विभीषिका विंग का जिला पानीपत के संयोजक नियुक्त किया है। वहीं नवीन भाटिया ने बताया कि विभाजन विभीषिका विंग का पानीपत शहरी विधानसभा के सह संयोजक विजय सहगल व गौरव लिखा को, पानीपत ग्रामीण हलके के सह संयोजक सुरेश गुंबर व हरीश अरोड़ा को, समालखा हलके के सह संयोजक जोगिंदर खुराना व चरणजीत मल्होत्रा को इसराना हलके के सह संयोजक देवराज व राजकुमार को नियुक्त किया है। भाटिया ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा हाईकमान का आभार जताते हुए बताया कि बताया कि विभाजन विभीषिका की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। वहीं, विभाजन विभीषिका संबंधी सभी कार्यक्रम उपरोक्त कार्यकारिणी की देखरेख में आयोजित होंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा हर वर्ग की पार्टी है और देश हो या प्रदेश सभी जगह बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे है। जबकि उन्होंने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में हर वर्ग का वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया और सत्ता में आने के बाद जनता का दोनों हाथों से शोषण किया।



## सिख गुरु हरकृष्ण का प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया

**समालखा।** श्री गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब, गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह साहब में संगत द्वारा मिलजुल कर आठवें गुरु हरकृष्ण साहिब का 369 वां प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा व सत्कार के साथ मनाया गया। वहीं, प्रसाद की सेवा अमरजीत सिंह, हीरा सिंह, सतविंद्र सिंह, प्रियंका चौपड़ा के परिवारों की तरफ से की गई। इस उपक्ष्य में सुखमणी साहिब के पाठ किए गए। उसके उपरान्त भाई गुरमुख सिंह ने गुरबाणी कीर्तन करके संगत को निहाल किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने गुरु हरकिशन साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू हर किशन साहिब का जन्म कीरतपुर साहिब में हुआ। वे गुरू हरराय साहिब के दूसरे पुत्र थे। आठ वर्ष की अल्प आयु में गुरू हर किशन साहिब को गुरुपद प्रदान किया गया। गुरु हर राय जी ने गुरु हरकिशन जी को अष्ठम गुरू के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर तिलक चौपड़ा, मनजीत कौर, रुबी कौर, सीमा अरोड़ा, सरोज देवी, कनिका अरोड़ा, गुलशन कौर, कशीश मल्होत्रा, कमेरी कौर, गोपाल सिंह, सर्वजीत कौर, हरकृष्ण कौर समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रचनात्मक सोच के बल पर मिलती है तरक्की: रोहिणी

- दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा





**पानीपत।** दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में क्षमता निर्माण कार्यशाला में शिरकत करते हुए टीचर्स। **फोटो :हरिभूमि**

दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में सीबीएसई द्वारा जीवन कौशल पर आधारित एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया एवं स्कूल स्टाफ मौजूद था। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन के रूप में नवयुग पब्लिक स्कूल सोनीपत की प्रधानाचार्या डॉक्टर निशा कुमारी एवं हिंदू विद्यापीठ सोनीपत के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने शिरकत की। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने मुख्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित करके तथा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर कार्यशाला का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा उनके सम्मान में एक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को जीवन कौशल की कार्यशाला देने का मुख्य उद्देश्य छात्रों के जीवन में आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है ताकि वे 21वीं सदीं की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और कुशलता से कर सकें। उन्होंने बताया कि रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान, निर्णय लेने की क्षमता, सामूहिक चर्चा, संवाद और सहयोग करने की क्षमता, भूमिका निर्वाह, परियोजना आधारित शिक्षा एवं वास्तविक दुनिया के उदाहरण द्वारा छात्र में आवश्यक जीवन कौशलों को विकसित किया जा सकता है। इस दौरान उनके द्वारा शिक्षकों के लिए कई गतिविधियां भी आयोजित करवाई गई। कार्यशाला के अंत में प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों का विद्यालय में पधारने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में छात्रों को जीवन कौशल की शिक्षा देना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रचनात्मक सोच के बल पर तरक्की मिलती है। इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को आत्मविश्वास के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने तथा व्यावहारिक जीवन जीने के लिए तैयार करने में उपयोगी साबित होंगी। विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन अमित राणा ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने में सीबीएसई के प्रयासों की सराहना की।

### संगोष्ठी में किया सावन विषय पर काव्य पाठ

**कुरुक्षेत्र।** इंग्लैंड के लंदन स्थित निहारिका साहित्य मंच कंट्री ऑफ इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित ऑनलाइन काव्य पाठ गोष्ठी में नगर के स्वतंत्र लेखक,कवि अनिल वर्मा द्वारा अपनी काव्य प्रस्तुति दी गई। इस गोष्ठी का विषय सावन मास पर आधारित था और गोष्ठी में उपस्थित कवियों को शिव और सावन से संबंधित विषय पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करनी थी। अनिल वर्मा ने सावन में बरसे खुशियां, आंगन में और मां विषय पर अपनी रचना प्रस्तुत की जिसे गोष्ठी में उपस्थित सभी कवियों द्वारा बहुत सराहा गया। इस गोष्ठी का आयोजन लंदन निवासी अमृत बिसारिया द्वारा किया गया था जबकि शारजहां की मीरा ठाकुर, दिल्ली के अभी दा और नोएडा की मीनाक्षी गुप्ता ने भी उक्त विषय पर अपनी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की।

## सब्जी मंडी के दुकानदारों ने स्वच्छता बनाए रखने का किया वादा



**पिहोवा।** पुरानी सब्जी मंडी में दुकानदारों के साथ बैठक करते नपा अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि व सुरेंद्र पप्पू ढींगरा। **फोटो : हरिभूमि**

**पिहोवा।** पुरानी सब्जी मंडी में दुकानदारों की एक बैठक नगर पालिका के अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि एवं वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र पप्पू ढींगरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सभी सब्जी विक्रेताओं सहित अन्य सभी दुकानदारों ने भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि ने सब्जी विक्रेताओं को मंडी में गंदगी न फैलाने बारे आहवान किया। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी में दुकानदारों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी को लेकर उन्होंने कई बार उनसे स्वच्छता बनाए रखने के लिए आह्वान किया लेकिन बावजूद इसके आमजन को गंदगी से परेशानी झेलनी पड़ रही है। आज उन्होंने स्वयं सब्जी मंडी स्थित सब्जी विक्रेताओं व अन्य दुकानदारों के साथ बैठक की जिसमे सभी ने मंडी में गली के बीच गंदगी न डालने का संकल्प लिया। आशीष चक्रपाणि ने कहा कि सब्जी मंडी में स्थित दुकानदारों को हर प्रकार की सुविधा प्रदान की जाएगीनपा अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि ने सब्जी मंडी के दुकानदारों की इस मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

# योग करने से शरीर रहता है निरोग : कौशिक



योग शिविर में प्रसन्न मुद्रा में योग शिक्षक व साधक।

***पानीपत।** भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति द्वारा सात दिवसीय योग शिविर पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सम्पन्न हुआ। जिसे गुरु पूर्णिमा पर स्वामी रामदेव के आह्वान पर शिविर तहसील प्रभारी बलवान सिंह ने लगाया था। इसके लिए सुभाष शर्मा, संगीता को योग शिक्षक बनाया गया। हालांकि इस कक्षा को आगे भी चलाने का निर्णय लिया गया है। अंतिम दिन योग साधकों ने योग शिक्षकों का सम्मान किया और आगे भी इसको जारी रखने का निर्णय लिया गया। वहीं राममेहर कौशिक ने कहा कि योग करने से मानव शरीर निरोगी रहता है। जबकि शरीर की इम्युनिटी बढती है। इसके मद्देनजर सभी को प्रति दिन योग करना चाहिए। इस अवसर पर बलवान सिंह, ताराचंद सैनी, प्रवीण कुमार, कुसुम, सुभाष शर्मा, विजय शर्मा, रमेश मान, साहब, बलवीर शर्मा, विजय शर्मा, नरेश गोयल, सचिन गुप्ता, दिनेश मक्कड़, गगन, सन्नी अरोड़ा, पंकज अरोड़ा व सुभाष शर्मा आदि ने प्रमुख रूप से भाग लिया।*

# पानीपत में दिन प्रति दिन बढ़ रहा है कांवड़ियों का आवागमन



पानीपत में कांवडियों की खाद्य सेवा करते हुए शिवभक्तजन। **फोटो :हरिभूमि**

***पानीपत।** पानीपत में दिन प्रति दिन कांवड़ियों का आवागमन बढ़ रहा है। पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल से प्रति दिन सैंकडों कांवड़ियों उत्तराखंड में कांवड लेने जा रहे है। जबकि हजारों की संख्या में कांवड़ियों पानीपत के रास्ते प्रदेश के विभिन्न भागों में अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे है। दूसरी ओर, सनौली रोड की नहर के पुल के पास छाजपुर में शिव भोला कांवड़ सेवा संघ द्वारा 17वां भंडारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन संघ के संस्थापक राजपाल बंसल एवं प्रधान एवं युवा भाजपा नेता राहुल बंसल द्वारा किया जा रहा है। शिविर में रहने, खाने एवं चिकित्सा का विशेष प्रबंध किया गया है। संघ के प्रधान एवं युवा भाजपा नेता राहुल बंसल ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से उनके पिता राजपाल बंसल लगातार कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगा रहे हैं। उन्हीं की प्रेरणा से वह भी शिविर में कांवड़ीयों की सेवा कर रहे हैं। शिव भक्तों की सेवा करने से उन्हें खुशी मिलती है। हरिद्वार से कड़ी तपस्या के बीच कांवड़ीए कांवड़ लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचाते हैं। यह बहुत ही कठिन कार्य है। शिविर में फकीरचंद, भले राम बंसल, सतपाल बंसल, अतुल मलिक, मोंटी देशवाल, शुभम बंसल, तरूण बंसल, कृष्ण बंसल, धर्मेंद्र इंसा, अशोक बंसल, कृष्ण बंसल, संदीप गर्ग , शमी मोंगा आदि सेवा में जुटे हुए हैं। वहीं कांवडि़यों को भजनों से निहाल करने के लिए शिव भजनों पर झूमती बोले बाबा व पार्वती माता की झांकि भी दिखाई जा रही है।*

## हरियाणा विधानसभाध्यक्ष को ग्रीनमैन ने भेंट किए हर्बल पौधे



**पानीपत।** हरियाणा विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को हर्बल पौध भेंट करते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत कुमार। **फोटो :हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में बतौर इतिहास विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रीनमैन के नाम से विख्यात दलजीत कुमार ने हर घर प्राचीन आयुर्वेद को पहुंचाने के लिए हर घर हर्बल घर-घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान चलाया हुआ है। रविवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को पांच प्रकार की तुलसी, दो प्रकार की इन्सुलिन, लेमनग्रास, मल्टीस्पासी प्लांट्स आदि के 11 पौधे घर में नैनो हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए एसडीएम राजेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में भेंट किए। विधानसभा अध्यक्ष ने हर घर हर्बल घर-घर नैनो हर्बल गार्डन मुहिम की तारीफ करते हुए ग्रीनमैन को उनके विधानसभा क्षेत्र में हर्बल गार्डन बनाने का निमंत्रण दिया। प्रोफेसर इतिहास दलजीत जहां हर्बल पौधों का लंगर लगाकर, स्कूलों, महाविद्यालयो, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों पर हर्बल गार्डन, हर्बल बॉटनिकल गार्डन, हर्बल मेडिटेशनल गार्डन, ऑक्सीजन बाग निजीकोष से बना रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हर घर हर्बल घर-घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान के अंतर्गत 11 से 21 दुर्लभ हर्बल पौधे वितरण करके प्राचीन भारतीय आयुर्वेद के महत्व बारे लोगो को जागरूक कर रहे है। इस अभियान का शुभारंभ ग्रीनमैन ने पूर्व करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया के हाथों गत वर्ष फरवरी में करवाया जिसके अंतर्गत अब तक 47 गणमान्य लोगों को हर्बल पौधे भेट प्राचीन आयुर्वेद से जोड़ा जा चुका है। ग्रीनमैन दलजीत ने बताया कि रविवार को घरौंडा के एसडीएम राजेश कुमार सोनी की अध्यक्षता और विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर सिंह कल्याण के मुख्यातिथि के रूप में यमुना नदी के पास लालूपुर गांव में एक पौधा मां के नाम मुहिम के अंतर्गत पौधारोपण अभियान 1100 पौधे रोपित किये गए जिसमें पानीपत से ग्रीनमैन के साथ वृक्ष मित्र समूह, हरियाणा के सदस्यों विजेंदर मलिक, नवनीत, सचिन आदि ने भी पौधरोपण में भाग लिया।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर सेमिनार का आयोजन हुआ

# भारत विश्व का सबसे युवा देश: राजीव

- आत्मविश्वास, दृष्टिकोण और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आईसीएआई द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अथितिगण। **फोटो :हरिभूमि**

पानीपत ब्रांच ऑफ एनआईआरसी ऑफ आईसीएआई द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रोफेशनल स्किल्स एनरिचमेंट कमेटी (पीएसईसी), आईसीएआई के तत्वावधान में एवं ब्रांच चेयरमैन सीए सोनू गोयल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीसी एकेडमी के अध्यक्ष राजीव परूथी रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रोफेशनल स्किल्स से सशक्त बनाना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना रहा। वहीं अंग्रेजीविद् राजीव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, दृष्टिकोण और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने युवाओं से अपने अंदर की ऊर्जा को पहचानने का आह्वान किया। सीए शशि चड्ढा ने लीडरशिप स्किल्स पर चर्चा करते हुए कहा कि एक सच्चा नेता वही होता है जो दूसरों को भी साथ लेकर आगे बढ़े। नेतृत्व गुणों का विकास युवावस्था से ही संभव है। सीए प्रदीप तायल ने इमोशनल इंटेलिजेंस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि भावनाओं की समझ से व्यक्ति बेहतर निर्णय ले सकता है। उन्होंने ईक्यू को आई क्यू से अधिक महत्वपूर्ण बताया। सीए असीम पाहवा, चिरंजीव सोढी ने नेटवर्किंग को करियर की रीढ़ बताते हुए कहा कि सही संपर्क व्यक्ति को बड़ी उंचाइयों तक ले जा सकते हैं। युवाओं को प्रोफेशनल रिलेशनशिप मजबूत करने पर जोर दिया। भारत विश्व का सबसे युवा देश है। कार्यक्रम में नव-निर्वाचित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सीए रजनी गोयल, उपाध्यक्ष सीए भूपिंदर दीक्षित, सीए जितेन्द्र बंगा, कंवरदीप सीए विमल गोयल, सीए नितीश जैन, सीए वीरेंद्र गोयल, सीए जगदीश धमीजा, सीए गोविंद सैनी, सीए कृष्ण सेठी, सीए मनमोहन शर्मा, सीए मुकेश शर्मा, सीए विनोद आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने पदक जीत लहराया जीत का परचम

**बराड़ा।** सांई एंजल्स अकादमी के स्टूडेंट्स ने सेंट थॉमस स्कूल जगाधरी में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में गरिमा, हर्षित, प्रियांशी और राधिका ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरना, आस्था, भावना सैनी और आराध्या ने रजत पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त भावना चौहान, दीप चौहान और मिशिका सैनी ने कांस्य पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता भारद्वाज ने विजयी विद्यार्थियों और उनके कोच विकास को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।




बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### मार्च पास्ट के साथ हुआ शपथग्रहण समारोह

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूलमें अलंकरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य नव-निर्वाचित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को सम्मानित करना था। इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहन मिले। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैदिक यज्ञ अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा रहे। इसके पश्चात अनुशासित मार्च पास्ट और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

### बिजली अदालत का होगा आयोजन

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 22 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता वीके गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से जुड़ी शिकायत अदालत के समक्ष रख सकता है। हालांकि बिजली चोरी व अदालत में विचाराधीन मामले यहां नहीं सुनें जाएंगे।

### पोर्टल पर आवेदन करें किसान

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग उपनिदेशक जसविंद्र सैनी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान सीजन खरीफ 2025 फसल पंजीकरण हेतू मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खोल दिया है । सभी किसानों से निवेदन है कि वे अपनी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर आवश्यक पंजीकरण करवाएं ताकि मंडियों में फसल बेचते समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

---

सोलर स्ट्रीट लाइटों पर भी 75 लाख रुपये होंगे खर्च

# दो वार्डों को डेढ़ करोड़ की सौगात, नए ट्यूबवेल के साथ सड़क का होगा निर्माण

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि नायब सरकार के कार्यकाल में प्रदेशभर में विकास का पहिया समान रूप से निरंतरता में घूम रहा है। सभी जगहों पर विकास कार्यों को तीव्रता से करवाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वार्ड नंबर 2 व 3 में डेढ़ करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उदघाटन व शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात देने का काम किया।

दोनों जगहों पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। गोयल ने इन विकास कार्यों की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की बयार बह रही है। नायब सरकार में विकास का पहिया निरंतरता में



अंबाला। नन्ही बेटी के जरिए योजना का शिलान्यास करवाते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

जारी है। विकास कार्यों के तहत पूर्व राज्यमंत्री ने वार्ड नंबर 2 के तहत गांव सद्दोपुर में 27.86 लाख रूपए की लागत से लगाए गए पेयजल नलकूप का उद्घाटन कन्या के हाथों करवाया।

वार्ड नंबर 3 में नारायणगढ़ रोड पर लगभग 75 लाख रूपए की लागत से लगने वाली सोलर स्ट्रीट लाईटों का तथा 50 लाख रूपए की लागत से विद्युत नगर को जग्गी गार्डन से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का शिलान्यास किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबको साथ

**ये रह मौजूद**

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष एवं निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी, मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुदंर ढींगरा, सदस्य हितेष जैन, राकेश सिंगला, जसबीर, फकीरचंद, भाजपा पदाधिकारी पिंकू सूद, गुरप्रीत सिंह शाना,रितेश गोयल,संजीव गोयल, मनीष मल भी मौजूद रहे।

लेकर हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की बयार बह रही है। इसके साथ ही असीम गोयल ने क्षेत्र वासियों के आगामी 28 जुलाई को अंबाला शहर बस स्टैंड पर होने जा रहे मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

# महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार देगा कस्बे को नई पहचान

- वैश्य समाज की एकता, सेवा और संस्कृति का प्रतीक बनेगा ये द्वार, चल रहा मुख्य द्वार बनाने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को एक नया आयाम देने जा रहा 'महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार' का निर्माण अंतिम चरण में है। इसकी वजह से कस्बे को सांस्कृतिक व सामाजिक पहचान मिलेगी। प्रदेश वैश्य महासम्मेलन एवं महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति के संयुक्त प्रयासों से बराड़ा-दोसड़का रोड पर महाराणा प्रताप चौक के समीप यह भव्य द्वार तैयार किया जा रहा है। इसके सितंबर माह के मध्य तक पूर्ण होने की संभावना है। इस द्वार की परिकल्पना केवल एक सुंदर वास्तुकला के रूप में नहीं, बल्कि वैश्य समाज के गौरव, सेवा भावना और ऐतिहासिक मूल्यों को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से की गई है। इसका निर्माण प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विकास सिंगला की सतत निगरानी में हो रहा है जो स्वयं प्रतिदिन निर्माण स्थल पर उपस्थित रहकर गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित कर रहे हैं।

**35 लाख से तैयार हो रहा स्मारक**

जानकारी के अनुसार इस द्वार पर लगभग 35 लाख की लागत आने का अनुमान है जिसमें 15 लाख की लागत से मुख्य ढांचे का निर्माण होगा। 5 लाख की लागत से मूर्ति की स्थापना तथा 15 लाख की राशि लाइटिंग व हरियाली पर खर्च की जाएगी। इस परियोजना के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने 11 लाख का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया है। निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जिससे यह द्वार स्थायित्व और आकर्षण दोनों का प्रतीक बन सके। इस ऐतिहासिक स्मारक का शिलान्यास 4 मई को पूर्व मंत्री असीम गोयल, मुलाना की पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान और भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने विधिवत रूप से किया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और वैश्य समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के जीवन मूल्यों को अपनाने और समाज में समानता, समरसता व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष विकास सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान पवन गुप्ता, महासचिव अजय गर्ग, कोषाध्यक्ष संदीप गर्ग, हल्का अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बता कि बीते कुछ सप्ताहों से निर्माण कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई है। द्वार की संरचना पारंपरिक भारतीय वास्तुकला पर आधारित है, जिसमें धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सभी पहलुरओं का समावेश किया गया है। द्वार की उंचाई 35 से 40 फीट होगी जो दूर से भी स्पष्ट रूप से नजर आएगा। जिला अध्यक्ष विकास सिंगला ने कहा कि यह द्वार महाराजा अग्रसेन की महान विरासत और उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। समानता, न्याय, सेवा, आत्मनिर्भरता और व्यापारिक नैतिकता जैसे मूल्य ही इस संरचना की आत्मा है।महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत एक ईंट, एक रुपया" के भाव से प्रेरित यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को सेवा, सद्भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देगा।

# शिविर में 300 कांवड़ियों ने किया विश्राम

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी स्थित ग्रेस बैंक्वेट और संत निवास में चल रहे कांवड़ शिविर में शनिवार को 300 कांवड़िए शिविर में पहुंचे। कांवड़ियों ने शिविर में स्नान, विश्राम और भोजन किया। इसके साथ ही कुछ कांवड़ियों को दवाई दी गई। श्री शिव कांवड़ सेवा संघ के प्रधान सुभाष गोयल ने बताया कि श्री शिव कांवड़ सेवा संघ के द्वारा पिछले 27 साल से कांवड़ शिविर लगाते आ रहे हैं। इसके बाद कांवडिए उना, होशियारपुर, बठिंडा, पटियाला, संगरूर, रोपड़ व अन्य जिलों के लिए रवाना हो गए। दक्षिण मुखी मंशा पूर्ण श्री हनुमान मंदिर में सुबह के समय रुद्र महायज्ञ किया गया। इस दौरान महंत बाबा बलराम दास महाराज ने बताया कि पहले सावन से यह रुद्र महायज्ञ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह रुद्र महायज्ञ श्री श्री 1008 महंत बाबा बलराम दास महाराज के आशीर्वाद से किया गया।

# सरदार अमरजीत कोहली की पुण्यतिथि पर 2-3 को होंगे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

- प्रसिद्ध त्वचा रोड विशेषज्ञ डॉक्टर मनदीप सिंह कोहली सलाह के साथ मरीजों का करेंगे उपचार, बालों की बीमारियों को लेकर भी देंगे उचित सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनदीप सिंह कोहली की ओर से 2 व 3 अगस्त को लगातार दो दिन निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंबाला शहर व अंबाला छावनी में अयोजित होने वाले इश शिविर में मरीजों की त्वचा के साथ बालों से जुड़ी बीमारियों का भी उपचार किया जाएगा। डॉक्टर मनदीप सिंह कोहली ने बताया कि इन शिविरों



अंबाला। स्वर्गीय सरदार अमरजीत सिंह कोहली।

का आयोजन उनके पिता स्वर्गीय अमरजीत सिंह कोहली की पुण्यतिथि पर आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को निशुल्क चिकित्सा शिविर अंबाला कैंट के डीसी रोड स्थित कोहली स्किन केयर सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। जबकि 3 अगस्त को शिविर का आयोजन अंबाला शहर में अंबाला क्लब के सामने इंको के पास क्लीनिक में होगा। उन्होंने बताया कि मानवता को समर्पित इन शिविरों के जरिए वे त्वचा व बालों की विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों जरिए सरदार अमरजीत सिंह कोहली को भी सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी। डॉक्टर कोहली ने लोगों से इन शिविरों का भरपूर फायदा उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति इन शिविरों में हिस्सेदारी कर सकता है।

# अपराधी पहले भागते थे अब जिम्मेदारी लेते हैं: सांसद

- सांसद वरूण चौधरी ने साधा सरकार पर निशाना, पार्टी नेता रोहित विशु से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश में कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए उनसे मुलाकात कर रहे हैं। इसी कड़ी में अंबाला लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रोहित शर्मा विशु के निवास स्थान पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। यहां पहुंचने पर विशु की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने सांसद का शानदार अभिनंदन किया।

इस दौरान वरुण चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। चौधरी ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार को जमकर निशाने पर



अंबाला। सांसद वरूण चौधरी का अभिनंदन करते युवा नेता रोहित शर्मा व अन्य।

लिया। साथ ही कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा इससे बुरा हाल कानून व्यवस्था का इससे पहले नहीं देखा गया।

अब तो बदमाश क्राइम करने के बाद जिम्मेदारी लेते हैं जबकि पहले भागते थे। लोगों को डराकर फिरौती मांग रहे हैं लेकिन सरकार इस पर कोई रोक नहीं लगा पा रही। उन्होंने कहा इस मुद्दे को संसद में उठाने का काम करेंगे। इस मौके वरुण चौधरी ने प्रदेश में महंगी हुई बिजली के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा आम लोगों से लेकर इंडस्ट्री तक पर महंगी बिजली का बोझ इस सरकार ने डालने का काम किया है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से पहले त्रस्त हैं लेकिन सरकार ने बिजली के दाम दाम बढ़ा बोझ बढ़ाने का काम किया है। चौधरी ने किसानों को खाद न मिलने का मुद्दा भी उठाया और कहा किसानों को यह सरकार खाद तक मुहैया नहीं करवा पा रही। उन्होंने कहा सरकार हर मुद्दे पर फेल है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके अमीषा चावला,प्रतीक चौधरी,विनोद धीमान,दुष्यंत चौहान,पवन अग्रवाल, यूथ जिलाध्यक्ष हरमन सिंह हैरी,संजय सेठी,नवीन गुप्ता,कुलदीप सिंह गुल्लू,बब्बल ,केतन भाटिया सहित कई वरिष्ठ एंव युवा कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था होगा रवाना

- 4 को श्रद्धालु जम्मू में डालेंगे डेरा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने यात्रा की बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बाबा बूढा अमरनाथ यात्रा को लेकर बैठक हुई। बजरंग दल के प्रांत मिलन प्रमुख सतनाम आर्य ने कहा कि बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा वैसे तो हजारों वर्षों से चली आ रही है। पवित्र श्री बर्फानी अमरनाथ यात्रा की भाती पुंछ मंडी के राजपुरा ग्राम में बाबा बूढ़ा अमरनाथ की यात्रा परंपरागत रूप से सावन मास में होती थी। मान्यता यही है कि बाबा बूढ़ा अमरनाथ की यात्रा किए बिना



मुलाना। यात्रा का पोस्टर जारी करते हुए पदाधिकारी।

बाबा बर्फानी अमरनाथ की यात्रा पूर्ण नहीं मानी जाती। 1996 से हो रही बाबा अमरनाथ की यात्रा को इस देश की नौजवानों ने अपने बलिदान देकर पुनप्रतिष्ठित किया।

इतिहास साक्षी है कि उस प्रयत्न के कारण ही कठिन परिस्थितियां और आतंकी हमलों के बावजूद भी लाखों लोग बाबा अमरनाथ के दर्शन करने जा रहे हैं। ठीक उसी तरह 2005 में बजरंग दल ने बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा का संकल्प लिया।

2006 में अमरनाथ भूमि आंदोलन में राष्ट्र द्रोहियों और उनके संरक्षक राजनेताओं को झुकने के लिए विवश कर दिया। ऐसी परिस्थिति में बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को और अधिक सफल बनाकर हम राष्ट्र विरोधियों के मंसूबों को विफल कर सकते हैं।

***200 यात्रियों की टिकट बनाए जा चुके हैं***

*4 अगस्त जम्मू में रात्रि विश्राम यात्री शिविर भगवती नगर में रहेगा। 5 अगस्त को प्रातः जम्मू यात्री निवास से यात्रा रवाना होकर पूंछ के लिए प्रस्थान करेगी रात्रि विश्राम पूंछ में होगा 6 अगस्त को यात्रा प्रात. पूंछ से रवाना होकर बाबा बूढ़ा अमरनाथ के दर्शन करके वापस रवाना होगी यात्रा राजौरी होते हुए सुंदरबनी में रात्रि विश्राम रहेगा 7 अगस्त को सुबह सुंदरबनी से शिवखोड़ी दर्शन के लिए रवाना होगी। दोपहर शिवखोड़ी दर्शन के पश्चात कटरा या जम्मू के लिए रवाना होंगे।*

# एसपी ने थाना सेक्टर-9 का किया निरीक्षण

- प्रबंधक थाना व अनुसंधान अधिकारियों को दिए उचित दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने रविवार काऐ अचानक थाना सेक्टर - 9 का मुआयना किया। इस दौरान उनके साथ डीएसपी क्राइम वीरेंद्र कुमार भी मौका पर हाजिर रहे। एसपी ने सबसे पहले थाना की साफ सफाई का जायजा लिया। थाना में चल रही मेस के बारे में प्रबंधक थाना से जानकारी ली। चेकिंग उपरांत सभी अनुसंधान अधिकारियों तथा प्रबंधक थाना की मीटिंग ली गई । एसपी ने मीटिंग के दौरान सभी अनुसंधान अधिकारियों को जन शिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जांच और




अंबाला। थाना का निरीक्षण कर जांच अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते एसपी अजीत सिंह शेखावत।

निस्तारण के आदेश दिए। वांछित अभियुक्तों और लंबित मामलों में गिरफ्तारी पर जोर दिया गया। शिकायतकर्ता को शिकायत का इंद्राज कर रसीद देने के बारे में मुंशी को हिदायत की गई। मौका पर रसीद रजिस्टर तथा लंबित शिकायतों को चेक किया जो सही पाए गए। उन्होंने प्रबंधक थाना को रात्रि में चौराहों पर सख्त चेकिंग करने, सेक्टरों में गश्त बढ़ाने , आपराधिक वारदातों पर रोक लगाने तथा मादक पदार्थों के तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने थानों में माल मुकदमों का निस्तारण, महिला संबंधी अपराधों तथा धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# श्री श्याम बाबा के कीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु, मीत लाडला ने जमाया रंग



**अंबाला।** एक कोशिश समाज सेवा व वार्ड नंबर 9 से कांग्रेस की निगम सदस्य मेघा ईशु गोयल व उनकी टीम द्वारा श्री श्याम बाबा कीर्तन का आयोजन कोतवाली सरांय हनुमान मंदिर में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से श्याम बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए विधायक चौधरी निर्मल सिंह भी यहां नतमस्तक हुए। निगम सदस्य मेघा इशु गोयल व संस्था के सभी सदस्यों ने विधायक को पटका पहना स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्याम बाबा के भजनों का गुणगान सूफी गायक मीत लाड़ला ने किया। सभी कॉलोनी वासियों ने संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा के कार्यो की सराहना की। इस दौरान संस्था द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारा बरताने की सेवा खाटू श्याम प्रेमी परिवार टीम के सदस्य दीपक बत्रा द्वारा की गई। कीर्तन में सभी कॉलोनी वासियों ने श्याम बाबा के भजनों व भंडारे प्रसाद का आनंद लिया। इस उपलक्ष्य में संस्था के प्रधान ईशु गोयल,सचिव सुरिंदर शिंदा, आयुष मित्तल, खुशबीर वालिया, मनीष छाबड़ा, रजत अग्रवाल, अंशुल, विकास, नरेश मित्तल, सुमित गुलाटी, नंदकिशोर ने भी पूरा सहयोग दिया। इस दौरान श्रद्धालु जमकर नाचे।

भावपूर्ण तरीके से मनाया गया संथारा साधिका महासाध्वी सुचेता का प्रथम पुण्यस्मृति दिवस

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं के साथ बच्चों ने भी दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

जैन स्थानक में पावन चातुर्मास के अंतर्गत विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में समता, संयम और साधना की प्रतीक रही संथारा साधिका महासाध्वी सुचेता जी की प्रथम पुण्यस्मृति दिवस भावपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन सभा के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में एक आत्मीय माहौल देखने को मिला। महिला मंडल एवं बच्चों ने सुचेता जी के जीवन साधना और उनके आदर्शों पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान सुख का सागर



मुलाना। कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते कलाकार।

- मिलामहिला मंडल एवं बच्चों ने सुचेता जी के जीवन साधना और उनके आदर्शों पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया

नाट्य ने सभी को आकर्षित किया । जिसमें करीब 50 पात्रों के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने महासाध्वी के तप, सेवा और संयमपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। साध्वी रत्ना सुवृद्धि ने अपने उद्बोधन में सुचेता जी के सादगीपूर्ण, अनुशासित एवं आध्यात्मिक जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जैन सभा ने गणमान्यों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली महिलाओं और बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में चंदनबाला महिला मंडल और जैन युवक मंडल की विशेष भागीदारी रही । मौके पर प्रधान अशोक जैन, उपप्रधान रामकुमार जैन, महामंत्री नवीन जैन, कोषाध्यक्ष राममूर्ति जैन, प्रवक्ता श्रीपाल जैन, सहमंत्री उमेश सिंह जैन, शंटी जैन, उमेश गोयल, प्रवीण अग्रवाल, नवीन जैन, केवल कृष्ण, रिषभ जैन, अभय जैन, नीरज जैन, बनारसी दास, अमरनाथ अरोड़ा, केशव जैन, भूषण जैन, धीरज जैन, वेद प्रकाश सहित धनौरा, उगाला, बराड़ा, यमुनानगर, मुलाना , उचाना, श्रीगंगानगर सहित अन्य जगहों के श्रध्दालु मौजूद रहे ।